लोकल स्पोर्ट्स

एलेट इंदौर की कराते टीम घोषित



इन्दौर। शोतोकान अंतरराष्ट्रीय कराते महासंघ एवं श्रेयस एकेडमी की सर्वसमिति द्वारा बनाई गई एलेट स्पोर्ट्स अकादमी की कराते टीम उत्तराखंड में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए घोषित कर दी गई है। टीम में तनीषा मालवीय, चिराग सकवार,हाशिका पंवार, गायत्री राठौर, दिशा राठौर,गीतांशी हुड्डा , विवान गोस्वामी ,विहान गोस्वामी ,रोहित कौशल शामिल है। एवं टीम की मैनेजर पुष्पा गोस्वामी और पपीता पंवार है। ये टीम हाल ही में कन्याकुमारी राष्ट्रीय कराते स्पर्धा एवं विजय ट्रॉफी में जीतकर लौटी है। टीम के मेंटर राजेंद्र कुमार पाटिल एवं कोच अमय लश्करी है।

अनमोल ओसवाल अंडर-17 बालिका शूटिंग टीम के राष्ट्रीय कोच



इंदौर। शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल, नॉर्थ कैंपस इंदौर के शूटिंग कोच अनमोल ओसवाल को एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) की मध्यप्रदेश अंडर-17 बालिका शूटिंग टीम का राष्ट्रीय स्तर पर कोच नियुक्त किया गया है। यह इंदौर के खेल जगत और स्कूल के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

अनमोल ओसवाल को मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के तहत वे मध्यप्रदेश की बालिका शूटिंग टीम को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देंगे। आगामी 24 से 26 नवंबर 2026 तक गोवा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

अमान ने फेंसिंग में जीता रजत पदक



इन्दौर। तिलक नगर में स्थित श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल में आयोजित 23वीं जूनियर फेंसिंग प्रतियोगिता में अमान खान ने जीता रजत पदक।

इंदौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के फॉइल इवेंट के मुकाबले में अल हीरा पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत अमान खान ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

अमान खान के इस सफलता पर स्कूल के प्रिंसिपल याकूब मेमन, फेंसिंग कोच मास्टर सईद आलम ने बधाई दी है

जिला सीनियर कुश्ती टीम का चयन विजयबहादुर व्यामशाला में सम्पन्न



इंदौर ओलम्पियन पप्पू यादव के मार्गदर्शन में इंदौर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री, सचिव सुरेश यादव,द्वारा आज इंदौर जिला कुश्ती टीम का चयन किया गया,विजेता पहलवान सीनियर राज्य स्पर्धा में भाग लेंगे,पुरुष फ्री स्टाइल श्रवण कौशल,ललित कौशल,यशपाल,अंकुश यादव,शिवम यादव,रोहित प्रजापति, जतिन पाठक,विनय चौधरी,कार्तिक जोशी,आदर्श ।

ग्रीकोरोमन पीयूष कुशवाहा, कृष्णा खत्री,गोपाल यादव,कुणाल सिलावट,सिद्धान्त यादव,औरंगजेब ,अजय,यशराज,वंशपाल,मुदस्सर खान। महिला वर्ग मान्यता बौरासी, लक्ष्मी जरिया,दुर्गा खटवाल, हंशाबेन राठौर, अंजलि करोसिया,अंजू करोसिया, ने इंदौर जिला कुश्ती टीम में प्रथम स्थान बनाया।

ऑफिशियल व निर्णायक गोविंद गुज्जर, विकाश यादव,केजेश यादव,रेलवे के अरविंद पटेल,कपिल,मनीष मुहले, योगेश यादव,मनीष खंडेराव आदि थे। पप्पू यादव ने सभी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।।

महू-गोरखपुर समेत 6 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

इन्दौर। पश्चिम रेलवे द्वारा शीतकालीन त्योहारों के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हु रतलाम मंडल से होकर विशेष किराये पर डॉ. अंबेडकर नगर-गोरखपुर, बांद्रा टर्मिनस - गोरखपुर, वलसाड - रक्सौल, उधना - गोरखपुर एवं अहमदाबाद-बरौनी के मध्य स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रभावित ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है :-



1. ट्रेन संख्या 09327 डॉ. अंबेडकर नगर - गोरखपुर स्पेशल ट्रेन संख्या 09327 डॉ. अंबेडकर नगर-गोरखपुर स्पेशल रविवार, 22 नवंबर, 2026 को डॉ. अंबेडकर नगर से 18:00 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के इंदौर(18.30/18.40), फतेहाबाद चंद्रावतीगंज(19.18/19.20), उज्जैन(19.50/20.00) एवं मक्सी,(20.35/20.37) होते हुये मंगलवार को 01:00 बजे गोरखपुर पहुँचेगी।

इस ट्रेन में इंदौर, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज, उज्जैन, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी, जौनपुर, शाहगंज, आज़मगढ़, मऊ, बेल्थरा रोड, सलेमपुर एवं देवरिया सदर स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच रहेंगे।

2. ट्रेन संख्या 09171 बांद्रा टर्मिनस - गोरखपुर स्पेशल ट्रेन संख्या 09171 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल शुक्रवार रविवार, 22 नवंबर, 2026 को बांद्रा टर्मिनस से 04:30 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के रतलाम (14.30/14.40), एवं नागदा (15.23/15.25) होते हुये अगले दिन 18:00 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। इस ट्रेन में बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, इंदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, चंद्रावतीगंज(19.18/19.20), उज्जैन(19.50/20.00) एवं मक्सी,(20.35/20.37) होते हुये मंगलवार को 01:00 बजे गोरखपुर पहुँचेगी।

इस ट्रेन में इंदौर, फतेहाबाद चंद्रावतीगंज, उज्जैन, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, जौनपुर, शाहगंज, आज़मगढ़, मऊ, बेल्थरा रोड, सलेमपुर एवं देवरिया सदर स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच रहेंगे।

3. ट्रेन संख्या 09137 वलसाड - रक्सौल स्पेशल ट्रेन संख्या 09137 वलसाड-रक्सौल स्पेशल शुक्रवार रविवार, 22 नवंबर, 2026 को वलसाड से 22:20 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के रतलाम (05.25/05.35), एवं नागदा (06.53/06.55) होते हुये मंगलवार को 13:00 बजे रक्सौल पहुँचेगी। इस ट्रेन में नवसारी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, इंदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर एवं नरकटियागंज स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच रहेंगे।

4. ट्रेन संख्या 09459 अहमदाबाद-बरौनी स्पेशल ट्रेन संख्या 09459 अहमदाबाद-बरौनी स्पेशल रविवार 22 नवंबर, 2026 को अहमदाबाद से 01:00 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के रतलाम (6.50/07.00 रविवार), एवं नागदा (7.48/07.50 रविवार) होते हुये अगले दिन 20:00 बजे बरौनी पहुँचेगी। इस ट्रेन में आणंद, छायापुरी, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशनों पर ठहराव रहेगा। इस ट्रेन में स्लीपर श्रेणी तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच रहेंगे।

5. ट्रेन संख्या 05018/05017 उधना - गोरखपुर स्पेशल ट्रेन संख्या 05018 उधना - गोरखपुर स्पेशल 23 नवंबर 2026 सोमवार को उधना से 15:00 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के रतलाम(21:28 / 21:38 सोमवार), एवं नागदा (22:23/22:25 सोमवार) होते हुये अगले दिन 20:30 बजे गोरखपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 05017 गोरखपुर- उधना स्पेशल 22 नवंबर 2026 रविवार को 07.35 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के नागदा (04.28/04.30 सोमवार) एवं रतलाम(05.15/ 05.25 सोमवार) होते हुये अगले दिन 11.50 बजे उधना पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, बयाना, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

6. ट्रेन संख्या 05226/05225 अहमदाबाद - बरौनी स्पेशल ट्रेन संख्या 05226 अहमदाबाद - बरौनी स्पेशल मंगलवार 24 नवंबर, 2026 को अहमदाबाद से 13.00 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के दाहोद(16.45/ 16.47 मंगलवार), रतलाम(18.10/ 18.20 मंगलवार), नागदा(18.55/ 18.57 मंगलवार) एवं उज्जैन(20.20/ 20.25 मंगलवार) होते हुये गुरुवार को 03.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। इसीप्रकार ट्रेन संख्या 05225 बरौनी- अहमदाबाद स्पेशल रविवार 22 नवंबर, 2026 को बरौनी से 23.00 बजे प्रस्थान कर रतलाम मण्डल के उज्जैन(01.20/01.25 मंगलवार), नागदा(02.25/ 02.27 मंगलवार), रतलाम(03.10/03.20 मंगलवार), एवं दाहोद(05.20/ 05.22 मंगलवार)होते हुये मंगलवार को 10.00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन आणंद, छायापुरी, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, दमोह, कटनी मुड़वारा सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

मॉडर्न स्कूल व डीपीएस आरके पुरम फाइनल में

इन्दौर। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में खेली जा रही ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-17 बालक वर्ग क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले में मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



पहले बल्लेबाजी करते हुए हैदराबाद की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 107 रन बनाए। कनिष्क जैन ने 37 गेंदों में 43 रन, अभिनव अड्डा ने 11 गेंदों में 15 रन तथा हाद अली रजा ने 21 गेंदों में 14 रन का योगदान दिया। मॉडर्न स्कूल दिल्ली की ओर से रुद्रांश अरोड़ा ने 2 विकेट, आरव बब्बर और योग सहगल ने 1-1 विकेट हासिल किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मॉडर्न स्कूल दिल्ली की टीम ने 16.4 ओवर में 6 विकेट खोकर 111 रन बनाते हुए मुकाबला जीत लिया। रुद्रांश अरोड़ा ने 18 गेंदों में 31 रन, व्यान सचदेवा ने 30 गेंदों में 30 रन तथा आदि अग्रवाल ने 25 गेंदों में 18 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से रिशिन कांडी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि श्रेयस विरेन ने 1 विकेट लिया।

मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने 4 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए रिशिन कांडी (हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट) को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबले में डीपीएस मथुरा रोड व वाईपीएस मोहाली के मध्य खेला गया।

स्कोर कार्ड - क्वार्टर फाइनल

डीपीएस मथुरा रोड 152-8 (20 ओवर)

वाईपीएस मोहाली 103-9 (20 ओवर)

डीपीएस मथुरा रोड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 152 रन बनाए। अर्जन सिंह सूरी ने 20 गेंद में 28 रन, फरहान खान ने 9 गेंद में 26 रन और जसमेहर सिंह ने 29 गेंद में 25 रन बनाए।

वाईपीएस मोहाली की तरफ से आरव कौशिक ने 2 विकेट, तनाशप्रीत सिंह ने 1 विकेट और एकम शर्मा ने 1 विकेट लिया।

जवाब में वाईपीएस मोहाली की टीम 20 ओवर में 103 रन ही बना सकी। अपराजित सिंह ने 23 गेंद में 41 रन, आदित्य कुमार ने 26 गेंद में 17 रन और जसजोत सिंह ने 20 गेंद में 13 रन बनाए।

डीपीएस की तरफ से अथर्व वर्मा ने 3 विकेट, जसमेहर सिंह ने 2 विकेट और श्रेयान गुप्ता ने 2 विकेट लिए। इस तरह डीपीएस मथुरा रोड ने क्वार्टर फाइनल 49 रन से जीतकर सेमी फाइनल में जगह बनाई।

मैन ऑफ द मैच फरहान खान डीपीएस मथुरा रोड चुना गया।

मोयरा कप अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा

अर्थ गर्ग की घातक गेंदबाजी से सीसीआय की शानदार जीत

इन्दौर। सचिव देवाशीष निलोसे ने बताया कि मोयरा सरिया द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित मोयरा सरिया अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज सीसीआय एवं विजय क्लब कि मध्य मैच खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 221 रन बनाये।





आर्यन डांगी ने सर्वाधिक नाबाद 57 रन बनाये एवं प्रींस कुमार ने 49 रनों का योगदान दिया। विजय क्लब की ओर से कुश बिरला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिये। जवाब में विजय क्लब की टीम 38 ओवरो में सभी विकेट खोकर 157 रनों पर सिमट गई और यह मैच 64 रनों के अंतर से हार गई। कुश बिरला ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 54 रन बनाये लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके । अर्थ गर्ग के घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विट वं कुशाल राजपुत ने 2 विकेट लिये।

इंदौर बॉडीबिल्डिंग टीम का चयन ट्रायल्स 25 को

इन्दौर। वेस्टर्न इंडिया बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता 29 नवम्बर को उज्जैन में होने जा रही है।रोहित जेठवा ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता के लिये इंदौर के खिलाड़ियों के चयन ट्रायल्स 25 तारीख (बुधवार)को आर डी एक्स जिम मूसाखेड़ी पर 12 बजे रखा गया है । राज्य शरीर सौष्ठव संस्था उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित इस वर्ष की अन्य प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिये टीम चयनित होगी। अन्य जानकारी के लिये खिलाडी अतिन तिवारी,समीर व्यास ,रोहित जेठवा,अखिलेश ठाकुर,दीपक राठौर,प्रशांत व्यास,रविकांत व्यास व पंकज चौहान से संपर्क कर सकते है।

ग्रामीण हाट में आज 23 नवम्बर से

सजेगा सात दिवसीय 'आदि बाजार'

इंदौर, भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित (ट्राइफेड) द्वारा 23 से 29 नवम्बर 2026 तक ग्रामीण हाट, इंदौर में सात दिवसीय राज्य स्तरीय 'आदि बाजार' का आयोजन किया जा रहा है।

इसका शुभारंभ सोमवार 23 नवम्बर को केन्द्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य विभाग श्री दुर्गादास उईके के मुख्य आतिथ्य में अपराह्न 4 बजे होगा। बाजार में लगभग 32 स्टॉलों के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों के जनजातीय शिल्पकार एवं उद्यमी अपने हस्तनिर्मित उत्पादों, पारंपरिक कलाकृतियों और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे।

आदि बाजार के माध्यम से नागरिकों को देश की विविध जनजातीय कला एवं शिल्प परंपराओं को करीब से जानने और शिल्पकारों से सीधे उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। आयोजन का उद्देश्य जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ उनकी कला, कौशल और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना है।

प्रदेश में होंगे आदि बाजार और आदि महोत्सव के श्रृंखलाबद्ध आयोजन

ट्राइफेड द्वारा जारी आयोजन कैलेंडर के अनुसार मध्यप्रदेश में जनजातीय लोक कलाओं एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए श्रृंखलाबद्ध रूप से आदि बाजार और आदि महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष का पहला आयोजन इंदौर में किया जा रहा है। इसके बाद दिसम्बर 2026 में रीवा में आदि बाजार, जनवरी 2027 में भोपाल में आदि महोत्सव, फरवरी 2027 में ग्वालियर में आदि बाजार तथा मार्च 2027 में जबलपुर में आदि बाजार आयोजित किया जाएगा।

इन आयोजनों के माध्यम से प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में जनजातीय शिल्पकारों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय का अवसर मिलेगा। साथ ही स्थानीय नागरिकों को देश की विविध लोक कलाओं, पारंपरिक शिल्प और जनजातीय जीवनशैली से परिचित होने का अवसर भी प्राप्त होगा।

बैतूल और इंदौर में पूर्व आयोजनों को मिला उत्साहजनक प्रतिसाद, लाखों रुपये के उत्पादों की हुई बिक्री

जनजातीय लोक कलाओं और शिल्प परंपराओं को प्रोत्साहित करने के लिए ट्राइफेड द्वारा पूर्व में आयोजित आदि बाजार एवं आदि महोत्सव को अच्छा प्रतिसाद मिला है। दिसम्बर 2025 में आदिवासी अंचल बैतूल में आयोजित आदि बाजार में आठ राज्यों के जनजातीय शिल्पकारों एवं उद्यमियों ने भाग लिया था। इस आयोजन में 3 लाख 12 हजार 809 रुपये के उत्पादों की बिक्री दर्ज की गई थी।


चयनित जूनियर खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य स्टेट टीम ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

इन्दौर। MPPA द्वारा चयनित जूनियर खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य स्टेट टीम ट्रेनिंग कैंप का आयोजन रविवार, 22 नवंबर 2026 को मालवा क्लब, मालवा काउंटी, इंदौर में किया गया।

आईपीए जूनियर्स नेशनल पिकलबॉल टूर्नामेंट 2026 का आयोजन 18 से 20 दिसंबर 2026 तक अहमदाबाद, गुजरात में होगा। यह टूर्नामेंट युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। 18 दिसंबर को इंटर-स्टेट टीम इवेंट और 19-20 दिसंबर को इंडिविजुअल इवेंट होगा, जिसमें 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है।

यह जानकारी मध्य प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन (MPPA) के अध्यक्ष श्री कुलभूषण मित्तल ने दी।

इस कैंप में प्रदेश भर से चयनित सर्वश्रेष्ठ युवा



खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जो अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 और अंडर-18 (बालक एवं बालिका) वर्गों में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

टीम बॉल्डिंग, रणनीति और फिटनेस पर रहा फोकस

सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चले इस कैंप में टीम बॉन्डिंग, मैच प्रैक्टिस, एडवांस रणनीति और फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया गया।

MPPA के डायरेक्टर ऑफ कोचिंग जयंत सोलंकी और टूर्नामेंट डायरेक्टर आदित्य सुर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने गहन ऑन-कोर्ट ड्रिल्स, टैक्टिकल सेशन और प्रैक्टिस मैच खेले, जिससे उनकी टीम केमिस्ट्री और मजबूत हुई।

ट्रेनिंग के साथ-साथ कैंप में ही सभी आधिकारिक औपचारिकताएं भी पूरी की गईं, जिसमें डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, टीम रजिस्ट्रेशन और एंट्री प्रक्रिया शामिल थी, ताकि नेशनल्स में भागीदारी सुगम हो सके।

MPPA पदाधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर MPPA के कोषाध्यक्ष (Treasurer) मानव पांडे और विधिक सलाहकार (Legal Advisor) रईस शेख भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की, उनका उत्साहवर्धन किया और नेशनल्स के लिए शुभकामनाएं दीं।

मध्य प्रदेश पिकलबॉल का उज्ज्वल भविष्य

इस अवसर पर अध्यक्ष श्री कुलभूषण मित्तल ने कहा, हमारे जूनियर्स का जोश और ऊर्जा अद्भुत है। यह कैंप सिर्फ प्रैक्टिस के लिए नहीं, बल्कि एक टीम, एक सपना बनाने के लिए था। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी नेशनल्स में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे और अहमदाबाद में मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

सुनियोजित ट्रेनिंग कार्यक्रम और मजबूत जमीनी प्रतिभा के साथ मध्य प्रदेश तेजी से जूनियर पिकलबॉल में भारत की एक मजबूत ताकत के रूप में उभर रहा है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर म.प्र
(कलेक्टोरेट कार्यालय कक्ष क्रमांक 204 जिला इंदौर मध्य प्रदेश)
क्रमांक / 5067/ रीडर-1/26
जूनी इंदौर दिनांक 19/11/2026

:: उदघोषणा ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रमण संस्कृति सेवा ट्रस्ट पता-31. काछी मोहल्ला, इन्दौर द्वारा ट्रस्ट में ठहराव प्रस्ताव दिनांक 15/06/2026 अनुसार ट्रस्ट में ट्रस्ट का नाम श्रमण संस्कृत सेवा ट्रस्ट के स्थान पर नवीन ट्रस्ट का नाम श्रमण संस्कृति सेवा फाउंडेशन किये जाने बाबद धारा अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक श्रमण संस्कृति सेवा ट्रस्ट पता-31, काछी मोहल्ला, इन्दौर द्वारा ट्रस्ट में ठहराव प्रस्ताव दिनांक 15/06/2026 अनुसार ट्रस्ट में ट्रस्ट का नाम श्रमण संस्कृति सेवा ट्रस्ट के स्थान पर श्रमण संस्कृति सेवा फाउंडेशन किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था व अन्य को यदि कोई आपत्ति हो तो वह प्रकरण में विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के अंदर न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्तयार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते है अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों / दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया।

घनश्याम धनगर
पंजीयक लोक न्यास जूनी इंदौर क्षेत्र जिला इंदौर म.प्र